





# सभी 85 वार्ड में हुई जल सभा, इंदौर गौरव दिवस सप्ताह की हुई शुरूआत

## रहवासियों को जल पुर्नभरण के फायदे बताए गए, पौधारोपण भी किया गया

**नगर प्रतिनिधि**

**इंदौर।** बुधवार सुबह शहर के सभी 85 वार्ड में जनप्रतिनिधियों आम नागरिकों द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आम लोगों को भू जल संरक्षण अभियान के तहत भूजल पुनर्भरण सिस्टम लगाने की जानकारी दी गई इसके फायदे बताए गए। इस कार्यक्रम के साथ ही इंदौर गौरव दिवस सप्ताह की शुरूआत हुई।

गौरतलब है कि शहर के जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इंदौर का जन्मदिवस मां अहिल्या देवी के जन्म उत्सव दिनांक 31 मई को इंदौर गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके 1 सप्ताह पहले ही शहर में कई अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बुधवार को साकेत नगर के उद्यान में सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया एवं पूर्व सभापति अजय सिंह नरूका एवं कॉलोनी के रहवासी जल सभा में शामिल हुए। इसमें भूजल पुनर्भरण के फायदे लोगों को बताए गए। इसके इसके पश्चात उद्यान में पौधारोपण भी किया गया।

जनसभा के तहत वार्ड नंबर 80 की प्रगति नगर कालोनी में अटल गार्डन में जलसभा हुई। वार्ड क्रमांक 82 के बाल गोपाल उद्यान में जल संरक्षण अभियान का कार्यक्रम किया गया। इसके अलावा वार्ड नंबर 80 में पूर्व आईडीए अध्यक्ष मधु वर्मा व पूर्व पार्षद बलराम वर्मा और जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्ड के 16 कुंओं का पूजन किया गया।

विधायक एवं पूर्व महापौर मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ वार्ड क्रमांक 83 में हुई जलसभा में शमिल हुई और जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मान किया और कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इंदौर गौरव दिवस के पहले दिन सभी वार्डों में हुई जलसभा के पश्चात विधानसभा 1 में बिजासन टेकरी परिसर, विधानसभा 2 में मेघदूत उपवन रामनगर के पास, विधानसभा 3 में मल्हार आश्रम परिसर, विधानसभा 4 में सिरपुर तालाब के पास स्कीम नंबर 71 में, विधानसभा 5 में महालक्ष्मी नगर सेक्टर आर, राऊ विधानसभा में पिपलियापाला तालाब के पास जीत नगर और सांवेर विधानसभा में सिद्धिविनायक मंदिर तालाब अरविंदो अस्पताल के पास पौधारोपण किया गया।



## एक नजर

### इंदौर से हैदराबाद, बेंगलुरु और दिल्ली सहित 6 उड़ानें निरस्त

**इंदौर।** इंदौर एयरपोर्ट से इंडिगो एयर लाइंस द्वारा आज इंदौर से हैदराबाद, बेंगलुरु और दिल्ली की ओर जाने और आने वाली कुल छह उड़ानों को निरस्त कर दिया। इसके कारण इन उड़ानों में बुकिंग करवा चुके यात्री परेशान होते रहे, सबसे ज्यादा परेशान वे यात्री हुए जिनकी आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट्स थी । अब तो इंडिगो एयर लाइंस द्वारा इंदौर एयरपोर्ट से अपनी उड़ानों को निरस्त किया जाना तकरीबन रोज की ही बात हो गयी है। विमानतल से मिली जानकारी के मुताबिक इंडिगो एयर लाइंस की फ्लाइट 6ई-7271/7272 सुबह 8.05 बजे हैदराबाद से इंदौर आकर 8.25 बजे वापस हैदराबाद जाती है, वहीं दूसरी फ्लाइट 6ई-6317/6318 रात 8.20 बजे बेंगलुरु से इंदौर आकर 8.50 बजे वापस बेंगलुरु जाती है। और रात की दिल्ली फ्लाइट 6ई-2042/6013 रात 10.20 बजे दिल्ली से इंदौर आकर 10.50 बजे वापस दिल्ली जाती है। कंपनी ने आज इन सभी उड़ानों को निरस्त कर दिया है। कंपनी ने एयरपोर्ट प्रबंधन को ऑपरेशनल कारणों से उड़ानों को निरस्त करने की बात कही है। कंपनी द्वारा यात्रियों को इन रूट्स पर अपनी दूसरी उड़ानों में शिफ्ट होने के साथ ही रिफंड का विकल्प भी दिया जा रहा है, लेकिन इससे यात्रियों की ट्रेवल प्लानिंग बिगड़ रही है। ज्ञात हो कि इंडिगो पिछले करीब 15 दिनों से लगातार अपनी उड़ानों को निरस्त कर रही है। इनमें दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, जबलपुर, जयपुर, ग्वालियर की उड़ानें शामिल हैं।

### इंदौर नगर निगम के वार्डो की आरक्षण की प्रक्रिया

# प्रशासन को न्यायालय की अवमानना का नोटिस

**इंदौर।** माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयेश गुरनानी द्वारा दायर की गई याचिका में दिनांक 10.01.2022 को अंतिम निर्णय देते हुए यह साफ तौर पर कहा था के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों का आरक्षण करते समय जिला प्रशासन को रोटेशन की प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है।

उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्य न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पीरा 28 अनुसार अधीनस्त न्यायालयों द्वारा पारित अंतरिम आदेशो को प्रभाव शून्य किया है जबकि उनकी याचिका में उच्च न्यायालय का आदेश अंतिम होकर सभी पर बंधनकारी है

माननीय सर्वोच्ब्य न्यायालय द्वारा किसी भी अंतिम आदेश के संबंध में टिप्पणी नही की है - इंदौर जिला प्रशासन द्वारा आज वार्डो के आरक्षण की प्रक्रिया देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्थित सभागृह मैं प्रारंभ की गई परंतु माननीय न्यायालय के आदेश का पालन नही कर निरस्त अधिसूचना को ही आधार मानकर केवल ॾ के वार्डो का आरक्षण किया उक्त प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों का आरक्षण नही किया गया और रोटेशन की प्रक्रिया अपनाने से साफ तौर पर इंकार कर दिया गया जो कि माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.01.2022 की अवहेलना है।



### बुधवार को आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई

इस संबंध में आज युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयेश गुरनानी ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभागृह में मौजूद होकर हमदस्त रुप से इंदौर जिला प्रशासन के अतिरिक्त कलेक्टर श्री अभय बेडेकर को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना का नोटिस अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल के माध्यम से प्रदान किया।

जयेश गुरनानी का यह कहना है कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग को भी आवगत कराया गया है और शीघ्र ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों सहित रोटेशन पदत्ति से आरक्षण कराने तथा आज की कार्रवाई को निरस्त करने तथा विहित प्रशिकारी के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका प्रस्तुत की जाएगी एवं आगामी नगरीय निकाय के चुनाव को संवैधानिक रूप से संपन्न कराने हेतु हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### सीए और एलएलएम की परीक्षा साथ-साथ, प्रश्न पत्र आगे बढ़ाने की मांग

**इंदौर।** एलएलएम करने वाले विद्यार्थी के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त कालेज के विद्यार्थियों की इन दिनों एलएलएम थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है।इस बीच सीए इंस्टिट्यूट ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा का शेड्यूल घोषित कर दिया है। अब 30 मई को एलएलएम और सीए फाउंडेशन ग्रुप 1 का पेपर एक ही दिन रखे है। यहां तक परीक्षा का समय भी लगभग समान है। इसके चलते विद्यार्थियों को यह समझ नहीं आ रहा है कि ला की परीक्षा दे या फिर सीए की परीक्षा में बैठे। सीए-एलएलएम दोनों परीक्षाएं देने वाले लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राएं है। मंगलवार को युवक कांग्रेस के अभिजीत पांडे ने एलएलएम के प्रश्न पत्र की तारीख आगे बढ़ाने की मांग रखी है।

# नर्मदा लाइन फूटी, कई क्विंटल सब्जी पानी में बही

### निरंजनपुर मंडी में अचानक बह निकला पानी

इंदौर। निरंजनपुर सब्जी मंडी में बुधवार सुबह नर्मदा की पाइप लाइन फूटने से हजारों लीटर पानी जहां बह गया वहीं किसानों द्वारा लाई गई सब्जी भी बह गई। व्यापारियों ने यह सब्जियां खरीद ली थी और सड़क व दुकान किनारे पानी बड़ी मात्रा में भरने से कई क्विंटल सब्जी काफी दूर तक बह निकला। व्यापारियों, किसानों व ग्राहकों ने किसी तरह से इसे एकत्रित किया।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब 8 बजे मंडी में पानी की लाइन अचानक फूट गई और तेज गति से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह निकला। यहां से आसपास की कॉलोनियों तथा व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ी लाइन की सप्लाय की जाती है। संभवतः अचानक प्रेशर अधिक होने से लाइन फूटी है। मंडी के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि आए दिन मंडी में कई तरह की अव्यवस्थाएं होती है। व्यापारियों, किसान बड़ी मुश्किल से अपना माल बेच पाते हैं। सुबह पानी की लाइन फूटने से टमाटर- ककड़ी, गिलती, धनिया, मिर्च आदि कई सब्जियां बह गई तथा खराब हो गई। निगम के कंट्रोल रुम पर इसकी सूचना दी गई थी लेकिन समय पर कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा।

# डीपी आभूषण लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए लाभांश व वित्तीय परिणाम घोषित किए

**इंदौर।** डीपी आभूषण लिमिटेड ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कुल राजस्व में 42 प्रतिशत और कर के बाद अपने शुध्द लाभ में 47 प्रतिशत की वृध्दि की है। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 21-22 के लिए 10 प्रतिशत का पहला लाभांश घोषित करके कंपनी के शेयरधारकों के साथ शुध्द लाभ में इस वृध्दि को साझा करने का निर्णय लिया है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक संतोष कटारिया ने इस मजबूत प्रदर्शन के लिए त्योहारों की खरीदारी में वृध्दि के साथ-साथ शादी समारोहों में वृध्दि को मुख्य माना है। अपनी निरंतर विस्तार योजना के अनुरुप कंपनी ने वित्तीय वर्ष 21-22 की अंतिम तिमाही के दौरान बांसवाड़ा में नया शोरुम खोला है। उन्होने आगे बताया कि कंपनी अपने रतलाम शोरुम को अपने मौजूदा आकार से कई गुना बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी का कुल राजस्व रु 1732 करोड़ रहा जो पिछले वित्तीय वर्ष में 1218 करोड़ था। इसी प्रकार 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी का कर पश्चात शुध्द लभ 40 करोड़ रहा जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 27 करोड़ था। डीपी आभूषण लिमिटेड सिर्फ एक कंपनी नहीं है, यह वर्तमान में चौथी पीढ़ी के प्रमोटरों के हाथों में 80 साल से अधिक पुरानी विरासत है जो ग्राहकों की संतुष्टि और उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हैं। कंपनी के राजस्थान और मध्यप्रदेश के 8 शहरों में शोरुम है और आने वाले समय में मध्यभारत में अपने पदचिन्ह का विस्तार करने के लिए प्रतिबध्द है।

# पद्मश्री पालीवाल रविवार शहर के पर्यावरण प्रेमियों से होंगे रूबरू

### संस्था सेवा सुरभि एवं इंदौर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

इंदौर। संस्था सेवा सुरभि एवं इंदौर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के पहले, रविवार 29 मई को प्रेस क्लब के राजेन्द्र माथुर सभागृह में प्रातः 9.30 बजे पर्यावरण के सजग प्रहरी, राजस्थान के राजसमंद जिले के एक छोटे से गांव पिपलांत्री गांव में अपनी 18 वषीर्या बेटी किरण को खो देने के बाद उसकी स्मृति में गांव की प्रत्येक बालिका के जन्म पर 111 पौधे रोपने की किरण निधि योजना के सूत्रधार पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल का सम्मान किया जाएगा।

इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पर्यावरण पर केन्द्रित संवाद भी होगा। संस्था सेवा सुरभि के डॉ. ओ.पी. जोशी एवं कुमार सिद्धार्थ



तथा प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी एवं महासचिव हेमंत शर्मा ने बताया कि सांसद शंकर लालवानी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में पद्मश्री जनक पलटा, अनिल त्रिवेदी एवं शहर के अन्य गणमान्य तथा प्रबुद्धजन भी आमंत्रित किए गए हैं। पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल ने पर्यावरण और हरियाली की रक्षा के लिए अपने अथक परिश्रम से व्यक्तिगत पीड़ा को जनसेवा के संकल्प में बदलकर एक अनूठी मिसाल कायम की है। वे अपने गांव में एक श्रमजीवी खदान में मजदूर के रूप में कार्यरत रहे।

### इंदौर-देपालपुर मार्ग पर टोल टेक्स

**इंदौर।** इंदौर-देपालपुर मार्ग पर यूजर फी योजनांतर्गत टोल प्रारंभ किया जा रहा है। एमपी रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के संभागीय प्रबंधक श्री राकेश जैन बताया कि टोल संचालन का कार्य मेसर्स माँ शारदा क्रशर माइन्स को प्रदान किया गया है। इनके द्वारा ग्राम बुढानिया में माल वाहन के लिये टोल टेक्स लगाया जायेगा। इस टोल टेक्स पर लाइट कमर्शियल व्हिकल के 45 रुपए, ट्रक के 105 रुपए तथा मल्टी एक्सल ट्रक के 210 रुपए प्रति वाहन लिये जायेंगे।



### परी सैनिटरी पैड्स ने किया महिला पुलिस अधिकारियों को सलाम

**इंदौर।** सूद हेल्थकेयर की ओर से स्वदेशी ब्रांड परी सैनिटरी पैड्स माहवारी के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रहा है। महिलाओं की माहवारी संबंधी जरूरतों को पूरा करने के वादे को आगे बढ़ाते हुए इस मैंस्टुअल हाइजीन डे के मौके पर परी ने अपनी पहल के तहत महिला पुलिस कर्मियों को समर्थन प्रदान किया। अपनी इस पहल के माध्यम से परी इन चैम्पियनों को सलाम करता है जो बिना रुके लगातार काम करते हुए अपने हैवी-ड्यूटी परफोर्मेन्स के साथ हमारी सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं। ब्युरो ऑफ पुलिस रीसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट द्वारा पुलिस संगठनों से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में मात्र 10 फीसदी पुलिस कर्मी महिलाएं हैं। अपनी इस पहल के माध्यम से परी ने तकरीबन 20,000 महिला पुलिस कर्मियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। ब्राण्ड इन महिला पुलिस कर्मियों को उनके काम के दौरान सहयोग प्रदान करना चाहता है, उनकी सेनिटेशन संबंधी जरूरतों में सुधार लाना चाहता है।

# स्कूली ऑटो रिक्शा वाले भी बढ़ाएंगे किराया

### टैक्स में बढ़ोत्तरी के चलते ले सकते हैं जल्द फैसला

**इंदौर।** नया शैक्षणिक सत्र अगले माह 15 जून से शुरू होने जा रहा है। कई बच्चे ऑटो से स्कूल जाते हैं। इस बार डीजल की कीमतों में वृध्दि, आरटीओ टैक्स में बढ़ोत्तरी के चलते स्कूली बच्चों को ले जाने वाले ऑटो भी अपना किराया बढ़ाने की तैयारी में है। इसके लिए जल्द ही यूनियन वालों की बैठक होगी जिसमें फैसला लिया जाएगा।

हालाकि शुल्क कितना होगा इस पर अगले सप्ताह बैठक करके विचार किया जाएगा। वर्तमान में पुरान ऑटो चालकों की स्थिति बिगड़ गई है तथा ई-रिक्शा आने के बाद से ही परेशानी रिक्शा चलाने में होने लगी है। ई-रिक्शा कम किराए में यात्रियों को ले जाते हैं जिससे अन्य रिक्शा चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नए सत्र से खर्चों को ध्यान में रखते हुए किराया बढ़ाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।